आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

मुख्यमंत्री

राज्य सरकार किन्नौर से शिपकी–ला के रास्ते से होकर कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने का मामला केन्द्र सरकार के समक्ष उठाएंगी। ये जानकारी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में सेना के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक के दौरान दी। उन्होंने कहा कि हिन्दू, जैन और बौद्ध धर्म के लोगों के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा का धार्मिक महत्व है और हर वर्ष हजारों तीर्थ यात्री ये यात्रा करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा राज्य सरकार केन्द्र से सिक्किम, लद्दाख और अरूणाचल प्रदेश के तर्ज पर हिमाचल स्काउट बटालियन की स्थापना करने का आग्रह करेगी। इसमें राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के स्थानीय लोगों के लिए विशेष कोटा होगा। मुख्यमंत्री ने स्पीति घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सेना से रंगरिक में एक हवाई पट्टी स्थापित करने को कहा ताकि यहां बड़े विमान उतरने में सक्षम हो सके।

निर्देश

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वित्त विभाग को 30 अप्रैल से पहले लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और अन्य विभागों के ठेकेदारों के बकाया भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में वित्त विभाग के साथ बैठक में उन्होंने हिमकेयर योजना के अंतर्गत आई.जी.एम.सी. शिमला, पी.जी.आई. चण्डीगढ़, टांडा मैडिकल कॉलेज के लंबित बिलों के भी जल्द भुगतान के निर्देश दिए। उन्होंने सहारा योजना के लाभार्थियों की किस्तें जारी करने को भी कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा समय–समय पर उठाए जा रहे प्रभावी कदमों से प्रदेश की वित्तीय स्थिति मजबूत हो रही है।

नड्डा

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने लोगों से खाने में तेल की मात्रा दस प्रतिशत तक कम करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अगर भोजन को दवा के तौर पर लिया जाए तो छोटे बदलावों से बड़े परिणाम हासिल हो सकते हैं।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जगत प्रकाश नड्डा की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए इस पहल को विश्व लिवर दिवस को ध्यान में रखते हुए खान–पान और स्वस्थ जीवन शैली पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि तेल की मात्रा में कमी करने जैसे साधारण बदलाव बहुत प्रभावी हो सकते हैं। प्रधानमंत्री ने सभी से मोटापे के बारे में जागरूकता फैलाकर स्वस्थ भारत के निर्माण में शामिल होने का आह्वान किया।

एचआरटीसी

राज्य पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने कहा है कि निगम को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि निगम के बेड़े

में समय–समय पर नई बसें शामिल कर लाभ अर्जित करने वाले रूट आरंभ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हिमाचल को ग्रीन स्टेट बनाने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया है और इस पहल के तहत परिवहन निगम की डीजल बसों को इलैक्ट्रिक बसों में बदला जा रहा है।

मस्जिद मामला

राजधानी शिमला में बहुचर्चित संजौली मस्जिद अवैध निर्माण मामले में आज नगर निगम आयुक्त की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड की ओर से अदालत में जवाब दाखिल किया गया है। इसके अलावा बोर्ड द्वारा मस्जिद की शेष दो मंजिलों को मालिकाना हक के कागजात अदालत में पेश करने के लिए 3 मई तक का समय मांगा गया है। इस मामले में नगर निगम आयुक्त 8 मई से पहले अपना अंतिम आदेश सुनाएंगे।

प्रवेश परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए. ने आज सुबह संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जे.ई.ई. मेन 2025 के दूसरे सत्र के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार, कुल 24 विद्यार्थियों ने 100 का परफेक्ट एन.टी.ए. स्कोर प्राप्त किया है। कट–ऑफ के साथ परिणाम जे.ई.ई. मेन की आधिकारिक वेबसाइट–जे.ई.ई. मेन डॉट एन.टी.ए. डॉट एन आई सी डॉट आई एन पर उपलब्ध है। इस परीक्षा में कुल 9 लाख 92 हजार 3 सौ 50 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। एनटीए ने 2 से 9 अप्रैल के बीच यह परीक्षा आयोजित की थी।

उत्सव

ऊना ज़िले में राज्य स्तरीय हरोली उत्सव 27 से 29 अप्रैल तक कांगड़ मैदान में आयोजित किया जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल इस उत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान एक शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। ऊना के उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 29 अप्रैल को उत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि हरोली उत्सव के सफल आयोजन के लिए युद्धस्तर पर तैयारी चल रही है और इसे भव्य बनाने के लिए विभिन्न विभागों और स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से एक विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया गया है।

....................................................................................................................................................